हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 24 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री


11 सद्भावना भवन के सामने अतिक्रमण




12 नगर निगम क्षेत्र में 200 आवास की स्वीकृति, 18 माह में पूरा ...




## खबर संक्षेप

### डॉ. लोहिया की प्रतिमा का अनावरण आज



**नगरी।** उमरादैहान कौहाबाहरा में आज 24 मई को प्रातः 11:30 बजे रघु ठाकुर राष्ट्रीय संरक्षक लोसपा की उपस्थिति में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। इस दौरान स्थानीय प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

### सेजेस सिंगपुर में बैठक 24 को

**नगरी।** सेजेस सिंगपुर मगरलोड के एसएमडीसी एवं पालक शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर अत्यंत प्रसन्न हैं। अब एसएमडीसी एवं पालकों के साथ शिक्षक आगामी सत्र में कुछ और अच्छा करने के लिए सही सोचें, सभी सोचें, कल नहीं आज अभी सोचें को सत्र 2026 के लिए ध्येय वाक्य बनाते हुए 24 मई को बैठक करेंगे। इस बैठक में शैक्षिक योजना का निर्माण कर शैक्षिक कैलेंडर का निर्माण किया जाएगा। एसएमडीसी अध्यक्ष धनंजय साहू, उपाध्यक्ष राधेलाल सिन्हा एवं सदस्य अयूब खान, विष्णु निर्मलकर, सरपंच लोमेश्वर साहू ,उपसरपंच ज्योति तिवारी, डॉ हेमंत साहू, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान जनपद सदस्य गजेंद्र दीवान ने बताया कि बैठक में विभिन्न समितियों का गठन कर विद्यालय एवं बच्चों के विकास हेतु जिम्मेदारी तय की जाएगी। पालकों के उत्साह को देखते हुए शिक्षकों में भी उत्साह है। सभी शिक्षक टीम भावना के साथ विद्यालय के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए कृत संकल्पित हैं। शिक्षकों ने भी कहा है कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, पूरे मनोयोग से सम्पन्न करेंगे।

### कोलियारी की अवैध रेत खदान पर प्रतिबंध की मांग

**धमतरी।** ग्राम कोलियारी में अवैध रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने की मांग माइनिंग अधिकारी से की गई है। ग्राम कोलियारी निवासी घन्नू पिता रामदयाल ध्रुव ने माइनिंग अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि कोलियारी स्थित महानदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। मना करने पर रेत माफिया दादागिरी करते हुए माइनिंग को 3 लाख रूपए देकर खदान चलाने की बात करता है। अवैध उत्खनन को रोकने विभाग ने जेसीबी से रास्ते की खुदाई की थी। उसे पाटकर वहां लगाए गए बोर्ड को उखाड़कर फेंक दिया गया है। घन्नू यादव ने माइनिंग अधिकारी से कहा है कि ट्रेक्टरों पर अवैध परिवहन की कार्रवाई की जाती है, लेकिन अवैध खदान संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। उन्होंने अवैध रेत खदान पर प्रतिबंध लगाने और संचालकों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि गत दिनों रेत के अवैध कारोबार को लेकर विधायक ने भी शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

वाहनों के लिए मिला काफी कम फंड, अतिरिक्त डिमांड पर अब तक नहीं मिली राशि

# उधारी में निबटा दो पंचायत और निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पिछले पांच साल से उधारी में निबट रहा है। वाहन भाड़ा न तो 2020 के चुनाव का पूरा मिला और न ही अभी हुए चुनाव का। किराया के लिए वाहन मालिक दफ्तरों का चक्कर लगाते थक चुके हैं। राहत की बात है कि कर्मचारियों को मानदेय पूरा मिल चुका है।

चुनाव एक अनिवार्य कार्य है। इसमें कोई व्यक्ति सहयोग करने से मना नहीं कर सकता है। यही कारण है कि वाहन मालिकों को न चाहते हुए चुनाव में अपनी गाड़ियां देनी पड़ती है। इससे उन्हें काफी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। शासन से पर्याप्त राशि नहीं मिलने के कारण उन्हें आधे अधूरे किराया से काम चलाना पड़ता है। स्थिति यह है कि वर्ष 2020 में हुए नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव का ही गाड़ी भाड़ा पूरा नहीं मिला है। शासन से जितना फंड मिला था, उसे वाहन मालिकों में अनुपातिक रूप से बांट दिया गया है। इसके बाद भी करीब 8 लाख 50 हजार रुपए कम पड़ रहे हैं। शासन से अतिरिक्त डिमांड की गई है लेकिन अब तक यह राशि नहीं मिली है। इस बार के चुनाव में तो स्थिति और भी खराब है। महंगाई बढ़ने के साथ पेट्राल डीजल के साथ वाहनों का किराया भी बढ़ा है, लेकिन गाड़ियों के लिए निर्धारित दर में वृद्धि नहीं की है, जिसके चलते इस साल वाहनों में ज्यादा खर्च हुआ है। भाड़ा चुकाने के लिए इस बार के चुनाव के लिए 11 लाख रुपए अतिरिक्त डिमांड की गई है।



फाइल फोटो

### पेट्रोल-डीजल का पेमेंट कम्पलीट

इस बार के पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में वाहनों का खर्च करीब 41 लाख हुआ है। करीब 300 गाड़ियों का उपयोग किया गया था। इन गाड़ियों में करीब 17 लाख रुपए का फ्यूल डाला गया। इसका भुगतान किया जा चुका है। शासन से जितना फंड मिला है, अब वह किराया भाड़ा के लिए कम पड़ रहा है। उधर अनुपातिक रूप से वाहन मालिकों को भुगतान करने की तैयारी की जा रही है, लेकिन सभी वाहन मालिकों का अकाउंट नम्बर, मोबाइल नम्बर उपलब्ध नहीं होने के कारण यह प्रक्रिया भी अधर में है।

### इसलिए कम पड़ता है फंड

पिछले कुछ वर्षों में पेट्रोल डीजल के दाम में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2020 के चुनाव के वक्त पेट्रोल की कीमत 72 रुपए के करीब थी जो आज बढ़कर 100 रुपए से ज्यादा हो गई है, लेकिन इस हिसाब से शासन से फंड नहीं मिलता है। एक जानकारी के अनुसार पंचायत चुनाव के लिए वाहन और डीजल के लिए 2800 रुपए प्रति वाहन और निगम चुनाव के लिए 2500 रुपए प्रति वाहन फंड मिलता है। इस साल पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में वाहनों के लिए करीब 30 लाख रुपए रुपए मिले थे जो कम पड़ रहे हैं।

# चने की खरीदी अंतिम चरण पर



फाइल फोटो

- उठाव के साथ किसानों के भुगतान में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समर्थन मूल्य पर चना खरीदी अंतिम चरण पर है। स्थिति यह है कि अब किसान चना बेचने ही नहीं आ रहे हैं। मौसम को देखते हुए उठाव भी तेजी से किया जा रहा है। लंबे इंतजार के बाद किसानों को चना का भुगतान किर दिया गया है। कुछ किसान बाकी है, उन्हें पेमेंट देने की प्रक्रिया चल रही है।

किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए समर्थन मूल्य पर चना खरीदी की योजना सफल रही। धान से लगातार घाटा खा रहे किसान अब अगले रबी सीजन में चने की खेती करने का मन बना चुके हैं। उधर चना खरीदी को किसानों का अच्छा रिस्पांस मिला। अब तक 8 हजार 290 किसानों से 19 हजार 822 क्विंटल चना खरीदा जा चुका है। मौसम में आए बदलाव को देखते हुए चना का उठाव भी कर लिया गया है। अब तक 19 हजार 44 क्विंटल चना का उठाव किया जा चुका है। शेष बचे 678 क्विंटल चना को उठाने की तैयारी है।

चना खरीदी में सबसे बड़ी समस्या किसानों को भुगतान की थी। किसानों को लंबे समय तक भुगतान नहीं किया गया था। अब इस समस्या को भी दूर किया जा चुका है। अब तक 18 हजार क्विंटल चना का भुगतान 10 करोड़ 17 लाख रुपए किसानों को किया चुका है। जो किसान चना बेचना चाहते थे, वे समर्थन मूल्य में या कोचियों के पास बेच चुके हैं। अब चना बेचने किसान सामने नहीं आ रहे हैं।

अमलतासपुरम के पास हुई घटना

युवक के पेट, जांघ व पीठ में काटने के निशान मिले

# युवक पर मधुमक्खियों ने किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मधुमक्खियों ने एक युवक पर अचानक हमला कर दिया। इस घटना में युवक की मौत हो गई ।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मृतक के बड़े भाई हरीश चावला ने पुलिस को बताया कि मुरली चावला पिता भीमनदास उम्र 34 वर्ष बनियापारा निवासी उसका छोटा भाई है। गुरुवार की सुबह मुरली अपने दोस्त हरीश अग्रवाल, सूरज यादव व ड्राइवर साथी के साथ पार्टी करने घर में खाना नहीं बनाने की बात कहकर निकला था जो शाम तक घर नहीं पहुंचा। घर नहीं लौटते देख मुरली के मोबाइल पर फोन किया। जवाब में मुरली ने आ रहा हूं कहा। मंझले भाई मुकेश चावला ने शाम को 7 बजे फोन करके बताया कि उसे हलधर पटेल ने फोन कर बताया कि सूरज यादव ने सूचना दी कि रूद्री रोड स्थित अमलतासपुरम कालोनी के पास मधुमक्खियों ने मुरली चावला को काटा है। मुरली को श्रीराम अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी होने पर बड़ी बहन माया आहूजा, मंझले भाई मुकेश चावला व अन्य परिजनों के साथ तत्काल श्रीराम अस्पताल मुरली को देखने के लिए गए। जहां डाक्टर ने मुरली की मौत होना बताया। पुलिस चौकी ने शुक्रवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।



### मधुमक्खियों के काटने व कार्डियेक अरेस्ट से मौत

पोस्टमार्टम करने वाले डा. एमए नसीम ने मीडिया को बताया कि युवक मुरली चावला पर मधुमक्खियों का हमला हुआ है। उसके पेट, जांघ व पीठ में 15 से 20 मधुमक्खियों के काटने के निशान हैं। मधुमक्खियों के काटने से कार्डियेक अरेस्ट हो जाने से युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद बिसरा प्रिजर्व किया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 को

**धमतरी।** धूम्रपान और नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर साल की तरह इस साल भी 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान तम्बाकू के दुष्प्रभाव पर विभिन्न विभागों, प्रतिष्ठित नागरिकों, भारतमाता वाहिनी के सहयोग से चर्चा और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, आकाशवाणी, दूरदर्शन से प्रेरक नाटक, गीत, परिचर्चा आदि का प्रसारण भी किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशापान से होने वाले दुष्परिणामों पर केन्द्रित व्याख्यान, चित्रकला, गीत, नृत्य, नाटक, प्रतियोगिताएं और मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी, सांकृतिक कार्यक्रम तथा नशामुक्ति साहित्यों का वितरण किया जाएगा।

# करंट से वृद्ध किसान की मौत

- खेत में टूटकर पड़ा था बिजली का तार
- धान मिंजाई करने गया था किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हार्वेस्टर के लिए रास्ता बना रहा वृद्ध किसान खेत में टूटकर गिरे बिजली तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से वृद्ध किसान की खेत में ही मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चनागांव निवासी जयराम नेताम पिता दशरथ उम्र 65 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। वृद्ध ने अपने खेत में धान की फसल लगाई थी। फसल की शुक्रवार को कटाई व मिंजाई कराई थी। धान की मिंजाई के लिए शुक्रवार को हार्वेस्टर आने वाला था। वृद्ध शुक्रवार की सुबह घर में चाय पीने के बाद धान की मिंजाई कराने के लिए खेत चला गया। वहां हार्वेस्टर मशीन के लिए वृद्ध खेत में रास्ता बना रहा था। इसी दौरान वह खेत में टूटकर गिरे विद्युत तार के संपर्क में आ गया। इस घटना में करंट लगने से वृद्ध किसान की खेत में ही मौत हो गई। घटना की सूचना केरेगांव थाना को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शाम को पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



### विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप

मृतक के भांजा संजय कुमार मरकाम ने बताया कि उसके मामा जयराम नेताम शुक्रवार की सुबह अपने धान की मिंजाई कराने खेत गया था। जहां हार्वेस्टर के लिए रास्ता बनाते समय खेत में टूटकर गिरे विद्युत तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। तार टूटकर खेत में गिरे होने के सप्ताह भर पहले विद्युत विभाग को सूचना दी गई थी। विभाग द्वारा उक्त तार का कनेक्शन कट जाना बताया गया। लेकिन तार में करंट प्रवाहित था, जिसकी चपेट में आने से उसके मामा की मौत हुई है। सूचना के बाद भी विभाग ने खेत में टूटकर गिरे विद्युत तार को उठाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की।

# छप्पर तोड़कर मोबाइल दुकान में घुसा चोर, 90 हजार की चोरी


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- सिहावा चौक की घटना


सिहावा चौक स्थित एक मोबाइल दुकान की शेड से बनी छत को तोड़कर अज्ञात चोर दुकान के भीतर प्रवेश किया और नकदी सहित 90 हजार रूपए की एसेसीरिज की चोरी कर भाग गया।

मिली जानकारी के अनुसार सुधीर गायकवाड़ की सिहावा चौक में ग्लोबल मोबाइल रिपेयरिंग के नाम से दुकान है। गुरुवार की रात्रि लगभग 10 बजे सुधीर दुकान बंदकर घर चला गया। इसी दौरान रात्रि के सूनेपन का फायदा उठा अज्ञात चोर ने सब्बल की मदद से लोहे के शेड से बने मोबाइल दुकान की छत को तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोर ने दुकान के काउंटर व शो-कैश में रखे ईयरबर्ड, आईबर्ड, इयरफोन 40 हजार, नेकबैंड 12 हजार, स्मार्टवाच 10 हजार, ब्लूटूथ स्पीकर 6 से 7 नग, चार्जर 6 से 7 नग व गल्ले में रखे 3500 रुपए कुल कीमत लगभग 90 हजार पर हाथ साफ कर दिया। चोरी करने मोबाइल दुकान में घुसा चोर मोबाइल एसेसीरिज की चोरी करने के साथ दुकान संचालक द्वारा गुरुवार को ही लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को भी चुराकर ले गया। चोरी करने के बाद चोर सब्बल को दुकान में ही छोड़कर छत के रास्ते फरार हो गया।

शुक्रवार की सुबह कर्मचारी ने दुकान खोली तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। काउंटर की दराज खुली हुई थी। दुकान से मोबाइल एसेसीरीज गायब थी। वहीं छत में बड़ा सा छेद बना हुआ था जिसकी सूचना संचालक सुधीर को दी गई। संचालक दुकान पहुंचा तो नकदी सहित सामान गायब था। संचालक ने घटना की सूचना कोतवाली थाने में दी।







# महिलाकर्मी को प्रताड़ित करने वाले रेंजर के खिलाफ एसपी से शिकायत



- सर्व यादव समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ ने समाज की महिला श्रमिक को प्रताड़ित करने वाले रेंजर पर एफआईआर दर्ज करने की मांग एसपी से की है। शुक्रवार को सर्व यादव समाज के प्रांताध्यक्ष रमेश यदु, जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव, हृदयराम यादव, मोहन यादव, बाबूलाल यदु ने एसपी के नाम शिकायत ज्ञापन में कहा है कि वनपरिक्षेत्र रिसगांव रेंजर द्वारा रिसगांव परिक्षेत्र में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत लता यादव को अनैतिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। महिला को अनैतिक कार्य करने के लिए शारीरिक, मानसिक, आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। अनैतिक कार्य के लिए दबाव बनाने की शिकायत पीड़ित महिला ने यादव समाज तथा एसपी से समय-समय पर भी की है।


यादव समाज के पदाधिकारियों ने कहा है कि शिकायत के बाद भी कोई संवैधानिक कार्रवाई नहीं की गई है। इससे सर्व यादव समाज में आक्रोश है। समाज ने कहा है कि आरोपी रेंजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई एक सप्ताह के अंदर की जाए अन्यथा सर्व यादव समाज धमतरी आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

कृषि भूमि का छोटा-छोटा टुकड़ा कर मुआवजा दिलाने की शिकायत

# भारतमाला भू-अर्जन में तत्कालीन कलेक्टर के ससुर, साला, साली को मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतमाला सड़क परियोजना के भू-अर्जन में तत्कालीन कलेक्टर भी अब जांच के दायरे में आ गया है। शिकायत है कि तत्कालीन कलेक्टर ने ससुर, साला, साली तथा साला की पत्नी के नाम विधि विपरीत कृषि भूमि का छोटा-छोटा टुकड़ा करते हुए क्रय-विक्रय, बटांकन, हस्तांतरण, बटवारा, नामांतरण कर अधिक मुआवजा देकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई है। इस मामले की शिकायत आरटीआई कार्यकर्ता ग्राम चंदना निवासी कृष्णकुमार साहू ने राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, एंटीकरप्शन ब्यूरो तथा ईडी से की है।



फाइल फोटो

कृष्ण कुमार साहू ने क्षेत्रीय निदेशक प्रवर्तन निदेशालय क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर तथा एंटीकरप्शन ब्यूरो को लिखित शिकायत कर कहा है कि कुरूद अनुविभाग अंतर्गत भारतमाला सड़क परियोजना में मई 2020 से जून 2021 तक पदस्थ रहे धमतरी कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सीडी के किलोमीटर 9.38 से 62.35 किमी तक के लिए ग्राम सिर्री पहनं 29 में भूमि अर्जन के लिए प्राप्त आशय पत्र दिनांक 12 अप्रैल 2019 को लिक करते हुए कृषि भूमि खसरा नंबर 1545 को अपने परिजनों के नाम पटवारी अभिलेख में नामांतरण करते हुए अवैध ढंग से उपखंडों में विभाजित किया। यह सब आशय पत्र की प्राप्ति के तीन माह में हुआ है। 30 जनवरी 2020 को प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर 16 मार्च 2021 को अवार्ड पारित कर लाभ लिया गया है।

आरटीआई कार्यकर्ता श्री साहू ने कहा है कि खसरा नं. 1545 को कुल 24 तथा खसरा नं. 1607 को कुल 25 छोटे छोटे टुकड़ों में बांटा गया है। तत्कालीन कलेक्टर ने अवैधानिक तरीके से कृषि भूमि को टुकड़ों में विभाजन कर लाखों रूपये की मुआवजा राशि लेकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई है।

### जांच योग्य विवरण

खसरा नं. 1545/10, रकबा 0.0147 मुआवजा राशि 679061 रुपए। खसरा नं. 1607/08 रकबा 0.0120 साली के नाम मुआवजा राशि 554336 रुपए। खसरा नं. 1545/05 रकबा 0.0200 मुआवजा राशि 1008259 रुपये। खसरा नं. 1607/15 रकबा 0.0400 साला के नाम, खसरा नं. 1514/09 रकबा 0.0186 मुआवजा राशि 859221 रुपए ससुर के नाम, इसी तरह खसरा नं. 1607/20, 1545/12, 1545/13, 1545/15 को साला एवं साला की पत्नी के नाम करने की शिकायत की गई है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों का किया निरीक्षण

कोण्डागांव। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों और सविद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन की स्थिति, बच्चों की दर्ज संख्या, पेयजल की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक अधोसंरचना की जानकारी ली और जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तहसीलपारा, डीएनके, कोपाबेड़ा, महात्मा गांधी वार्ड आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और कन्या विद्यालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### एनएच में बहीगांव बेड़मा के बीच पलटा कोलड्रिंक्स से भरा वाहन

कोंडागांव। नेशनल हाइवे 30 बहीगांव से बेड़मा के बीच गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रीय करीब 3 बजे कोल्ड ड्रिंक्स से भरा माजदा वाहन अनियंत्रित होकर रोड किनारे पलट गया। पलटने से वाहन में भरा हुआ कोल्ड ड्रिंक गिरकर फैल गया। हादसे मेंचालक परिचालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। दोनों बाल बाल बच गए। माजदा वाहन के चालक ने बताया कि माजदा वाहन में कोल्ड ड्रिंक भरकर रायपुर से जगदलपुर छोड़ने जा रहे थे।

### इतिहास को सही रूप में जानना जरूरी: निरंजन

नारायणपुर। शुक्रवार को नारायणपुर के जिला भाजपा कार्यालय में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया. जिसमें भाजपा बस्तर संभाग के सहप्रभारी निरंजन सिन्हा मुख्यवक्ता के रूप मे उपस्थित हुए। इस दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आगे उन्होंने ने कहा 57 साल के कांग्रेस के कार्यकाल में कांग्रेस ने इतिहास को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया, लेकिन बीजेपी चाहती है इस देश के अंदर और समाज में जिनका भी योगदान रहा है।

## कई किसान औने-पौने रेट में बेच रहे धान, लागत निकलना भी हुआ मुश्किल



# बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरा, कटी फसल पानी में डूबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

कहते हैं कि अन्नदाता भगवान का दूसरा रूप होता है लेकिन बेमौसम बारिश ने क्षेत्र के अन्नदाता को ही परेशान कर दिया है। किसान बेमौसम बारिश होने से त्रस्त होने लग गए हैं। खेती में बड़ी लागत लगाकर और कड़ी मेहनत कर अन्नदाता किसान फसल पैदा करते हैं लेकिन बेमौसम बारिश ने रबी फसल धान को पूरी तरह प्रभावित किया है। क्षेत्र में रबी सीजन में किसान बड़ी मात्रा में धान लगाते हैं। किसानों की फसल पककर तैयार है। कुछ किसान फसल काटकर खलिहान लाए हैं लेकिन बेमौसम बारिश ने उसके माथे पर चिंता बढ़ा दी है। खेत में तैयार हुई फसल पानी में डूब गई जिसे काटने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उसमें बीमारी लगने का रिस्क भी बढ़ गया है। वहीं जो किसान फसल काटकर खेत से घर खलिहान लाए हैं उसे रखने एवं फसल को सुखाने एवं बेचने में विकट समस्या पैदा हो गई है।

ज्ञात हो कि हार्वेस्टर से फसल काटने के बाद धान की नमी को कम करने के लिए सुखाना आवश्यक होता है जिससे बाजार में अच्छा भाव मिले और आसानी से बिक्री हो सके। लेकिन बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसान न ही धान को सुखा पा रहे हैं और न ही बाजार में बेच पा रहे हैं। जो किसान बेच भी रहे हैं उसे वाजिब भाव नहीं मिल रहा है। उन्हें औने-पौने दाम पर अपनी फसल को बेचना पड़ रहा है। इससे उसका लागत खर्च भी निकलना मुश्किल हो गया है।

## फरसियां मेला स्थल में नए तालाब का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

महामाई मंदिर फरसियां मेला स्थल में श्रद्धालुओं के लिए नए तालाब का भूमिपूजन एवं ग्राम फरसियां में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का लोकार्पण हुआ। मौके पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार, जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव, सरपंच केशव टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य शशि ध्रुव, पूर्व विधायक पिंकी शाह, महामाई समिति अध्यक्ष जवाहरलाल मरकाम, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष सुभाष कश्यप एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बगौद में सफाई अभियान चलाकर मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

# सच्चा नेतृत्व केवल सत्ता पर काबिज होने के लिए नहीं होता : कृष्णकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती ग्राम बगौद में चंडी मंदिर की साफ-सफाई कर मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णकांत साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष कुरूद, कुलेश्वर चद्राकर और मालक राम साहू वरिष्ठ भाजपा नेता रहे ।

इस दौरान कृष्णकांत ने अपने उद्बोधन में अहिल्या बाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मालवा की रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास में एक महान हस्ती हैं। उन्हें उनके द्वारा शुरू किए गए दूरगामी सामाजिक सुधारों के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि 18वीं सदी भारत में एक उथल-पुथल भरा दौर था, जो राजनीतिक विखंडन, आर्थिक चुनौतियों और सामाजिक अशांति से चिह्नित था। इस माहौल में अहिल्याबाई एक मजबूत और सक्षम नेता के रूप में उभरीं। उनका जीवन हमें याद दिलाता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सत्ता पर काबिज होने के बारे में नहीं है, बल्कि सबसे कमज़ोर लोगों की रक्षा और उत्थान के बारे में है। उनके उदाहरण को याद करके हम समतापूर्ण, सहिष्णु और समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम में भोजराम साहू मंडल उपाध्यक्ष, बिसहत साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता, हीरा साहू, घनश्याम चन्द्राकर, कमलेश साहू, शेषनारायण साहू, दशोदा साहू सरपंच, अनुसुइया साहू, खेदीन साहू, सुनीता साहू, कलिन्द्रीबाई, लीला साहू, टेमलाल साहू, पारसमणि साहू, हुकुम पटेल, विष्णु यादव, भारतेन्द्र साहू, खमेश साहू, डोमार चन्द्राकर, आनंद साहू, गोवर्धन साहू, ऐसलाल साहू, सुखित पटेल, विनोद साहू उपस्थित थे।

# दिव्यांग महिला का दो दिन में बना राशन कार्ड

- जरूरतमंद लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए प्रयासरत हूं : पवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगर पंचायत नगरी वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद राजा पवार ने अपने ही वार्ड की दिव्यांग मंजु प्रजापति का राशन कार्ड मात्र दो ही दिन में उसे बनाकर दे दिया जिससे मंजु के चेहरे पर खुशी झलक उठी। मंजु ने बताया कि पार्षद सुबह हमारे वार्ड में भ्रमण करने आए थे। मैंने उन्हें अपनी दिव्यांगता से अवगत कराया। दिव्यांगता प्रमाण-पत्र दिखाया। उन्होंने मेरे घर से पूरे दस्तावेज लेकर महज 2 दिन में मेरा राशन कार्ड बनवाकर दे दिया।

पार्षद राजा पवार ने कहा कि स्थानीय स्तर पर अभियान चलाकर और भी छूटे हुए और जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड एवं अन्य शासन की योजनाएं वार्डवासियों को मिल सके इसके लिए प्रयासरत हूं। मेरी वार्ड की मतदाता ने मुझे बताया कि उनका राशन कार्ड नहीं है जिस पर मैंने उनके दस्तावेजों की जानकारी ली। जिससे ज्ञात हुआ कि वह महिला दिव्यांग है और इस दिव्यांग सर्टिफिकेट के बेस पर उसका राशन कार्ड बनाया जा सकता है । मैंने नगर पंचायत नगरी में आवेदन किया और महज दो दिन की प्रक्रिया में नगर पंचायत नगरी के खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा राशन कार्ड बनाकर दे दिया गया। सुशासन तिहार के शिविर में महिला को उसका राशन कार्ड उपलब्ध कराया।

# समर कैम्प में बच्चों की प्रतिभा को मिला मंच

- कठौली स्कूल में दस दिवसीय समर कैम्प का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली मे दस दिवसीय समर कैम्प का समापन हुआ। इन दस दिनों में बच्चों ने योग, व्यायाम, खेल संगीत, तबला, हारमोनियम, गीत गायन रंगोली, मेहंदी, मिट्टी के खिलौने, चित्रकारी, पाककला, स्पोकन इंग्लिश, गणितीय पहेलियां, भजन सीखने के साथ कई तरह के व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत थे। विशेष अतिथि बीआरसी कुलेश्वर सिन्हा, समन्वयक दिनेश साहू थे। अध्यक्षता सरपंच खेमराज साहू ने की।

कार्यक्रम का आयोजन प्रधानपाठक ललित साहू, अध्यक्ष राजकुमार निषाद, छबिलाल साहू, अरूण साहू, पुरूषोत्तम निषाद, उमा साहू, यशवीर जांगड़े, ऋतुराज बसंत ने किया। विभिन्न गतिविधियों में लोकेश साहू, प्रशांत नगारची, टिकेश्वर विश्वकर्मा, तुलसी साहू, गीतांजलि साहू तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का भी सहयोग रहा। सभी बच्चों को प्रमाणपत्र व टी-शर्ट प्रदान की गई।

# पॉकेट खर्च के लिए बच्चे बेच रहे आम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

अभी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी चल रही है। इन दिनों ग्रामीण बच्चे पॉकेट खर्च के लिए गांव के बगीचे से सुबह पके हुए आम फल बीनकर नगरी धमतरी रोड पर बेच रहे हैं। आने- जाने वाले लोग बच्चों से आम खरीद भी रहे हैं। इससे वे काफी खुश हैं।

# भाजपा सिर्री मंडल ने मंदिर परिसर की सफाई की

- अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



भाजपा सिर्री मंडल द्वारा शिव कामिनी देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में ग्राम सिर्री के इष्टदेव गड़भेड़ा बाबा मंदिर एवं परिसर और घाट की साफ सफाई की गई।

इस अवसर पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, झागेश्वर ध्रुव कार्यक्रम प्रभारी, लोकेश साहू सिर्री मंडल अध्यक्ष, पुष्पेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, नरेंद्र ध्रुवंशी, डॉ. सुनील गायकवाड़ जिला पंचायत प्रतिनिधि, देशांत सिन्हा सरपंच सिर्री, संदीप, घनश्याम साहू, विश्राम सिन्हा, डॉ. जनक कुंभकार, शोभाराम पटेल, योगेश साहू, लेखराम सिन्हा, उत्पल घिवरिया, हरिराम ध्रुव, ऋषि कुर्रे, धनेश बंजारे, भुवनेश्वर कंडरा, ठाकुरराम साहू, धनेश कंडरा, फुलेश्वर साहू, हुलेश साहू, हरीश साहू, पूनम कुमार डागेश सेन, पिंटू सेन उपस्थित थे। गांव में स्वच्छता बनाए रखने में विशेष सहयोग दिया।

# जिले की सोसाइटी में स्टाफ की कमी

- समिति के कर्मचारियों पर बढ़ा काम का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी



जिले की 74 सहकारी समितियों में विगत कई वर्षो से नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। स्टाफ की कमी है। नियुक्त कर्मचारियों को ही अतिरिक्त समय देकर प्राप्त वेतन पर काम करना पड़ता है। अतिरिक्त समय का अतिरिक्त वेतन देने की मांग भी संगठन द्वारा निरंतर की जाती लेकिन प्राप्त वेतन पर ही उन्हें काम करना पड़ता है। समिति के कर्मचारियों पर काम का दबाव बढ़ गया है। कलेक्टर, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला से शीघ्र रिक्त पदों पर भर्ती समेत 3 प्रतिशत वार्षिक एग्रीमेंट जोड़ने, वर्तमान मूल वेतन पर 27 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग की गई।

नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि जिले की अधिकांश समितियों में दैनिक कर्मचारियों के भरोसे शासन का काम हो रहा है। विगत कई वर्षों से समितियों में दैनिक कर्मचारी अल्प वेतन में काम कर रहे हैं। जिला संगठन ने नवीन भर्ती में प्राथमिकता देने अथवा भर्ती पर 50 प्रतिशत बोनस अंक अतिरिक्त देने की भी मांग की। मौके पर बलदेव राम साहू कार्यवाहक जिला सचिव भी उपस्थित थे।

## निधन

### जागेश्वर यादव

नगरी। नगरी निवासी जागेश्वर यादव (जागु) उम्र 27 वर्ष का निधन 21 मई को लंबी बीमारी के चलते निजी हॉस्पिटल रायपुर में हो गया। वे स्व. महेश यादव के छोटे पुत्र एवं भोला यादव, कैलाश, राजू, परदेसी यादव के भतीजे व हरीश यादव के छोटे भाई थे। अंतिम संस्कार शांतिघाट नगरी में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# समर कैंप में बच्चे सीख रहे रचनात्मक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

साहू समाज बानगर परिक्षेत्र के तत्वावधान में कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा माध्यमिक शाला डांडेसरा में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन 27 मई तक किया गया है। इसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के लगभग 45 बच्चे भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य बच्चों तथा शिक्षकों के बीच मित्रवत संबंधों को मजबूत करना, नेतृत्व क्षमता का विकास बच्चों की खुशी और समझदारी हेतु वातावरण का निर्माण करना है, जो उनका बुनियादी अधिकार है।



समर कैंप में बच्चों को हस्तलिखित पुस्तिका निर्माण, पेपर से खिलौना, अखबारी टोपी, कविता पाठ, नाम कार्ड, मुखौटा निर्माण, थम्ब से चित्रकारी, कहानी पढ़ना, कहानी पर चित्र बनाना, वाचन, चित्र से कविता निर्माण, पेंटिंग अभिनय जैसी बाल रचनात्मक गतिविधियां सिखाई जा रही है। इस दौरान कर्मचारी प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष शिक्षक महेन्द्र साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ परिक्षेत्र बानगर अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, साहू समाज परिक्षेत्र बानगर सहलाकर कामराय साहू, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक राजेश साहू, शिक्षक किरण कुमार साहू, उत्तम कंवर, टिकेश्वर साहू उपस्थित थे।

## मामला नगर पंचायत मगरलोड मुख्य मार्ग का

# मुआवजा मिलने के बाद भी अतिक्रमण कर बना रहे घर, दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आवागमन को सुगम बनाने सड़क का चौड़ीकरण किया गया है। कुरूद से पाण्डुका तथा मगरलोड मुख्य चौक से लुगे मार्ग से धमतरी को जोड़ा गया है। सड़क चौड़ीकरण कार्य अंतर्गत आने वाल लगानी भूमि, आबादी भूमि सहित बिना पट्टे की काबिज भूमि का शासन की गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा प्रदान किया गया है। सड़क चौड़ीकरण कर पक्की सड़क एवं पक्की नाली एडीबी द्वारा बनाई गई है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आवागमन शुरू हो चुका है। नगर पंचायत मगरलोड क्षेत्र अंतर्गत उक्त भूमि का शासन द्वारा मुआवजा प्राप्त होने के बाद भी उस भूमि पर पक्का मकान, दुकान का निर्माण किया जा रहा है। मुआवजा प्राप्त व्यक्ति आज भी उक्त भूमि पर मालिकाना हक जाता रहा है जबकि शासन प्रशासन के नियमानुसार उक्त भूमि को सड़क चौड़ीकरण कर सड़क एवं पक्की नाली बनाने के लिए मुआवजा देकर अधिग्रहण कर लिया गया है। उस भूमि पर शासन प्रशासन का अधिकार माना जाता है। मुआवजा लेने के पश्चात उक्त भूमि पर से उसका अधिकार स्वमेव समाप्त हो जाता है। बावजूद इसके मनमानी करते हुए घर ,दुकान बनाकर वे शासन-प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। उनके द्वारा अतिक्रमण करने से यातायात बाधित होगा। राहगीर सड़क दुर्घटना का शिकार होंगे।



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविरों के तिथि में किया गया संशोधन

**कांकेर।** कलेक्टर ने सुशासन तिहार शिविर आयोजन के लिए संशोधित तिथि का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार आगामी 28 मई को जनपद पंचायत कांकेर क्लस्टर कलमुच्चे के ग्राम तुलतुली, कलमुच्चे, धनतुलसी, पीढ़ापाल, कानागांव, मुरागांव, पुसाझर, बुधियारमारी, भैंसगांव, मुजालगोंदी और टोन्डामरका में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 29 मई को जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल क्लस्टर पचांगी के ग्राम पचांगी, चिखली, हामतवाही, मंगहूर, करकापाल तथा 30 मई को जनपद पंचायत अंतागढ़ के अर्रा अंतर्गत ग्राम अर्रा, मुल्ले, मातला-ब, और आलानार में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### पखांजुर में करंट लगने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पखांजुर निवासी 40 वर्षीय सुमंत मजुमदार का इलाज के दौरान सीएचसी पखांजुर में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक करंट की चपेट में आ गया था। इलाज के लिए अस्पताल लाए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### जहर खाए युवक की इलाज उपरांत हुई मौत

**कांकेर।** गोंडाहुर निवासी 23 वर्षीय सरत सेन ने जहर सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक ने जहर खा लिया था, इलाज के बाद घर वापिस लाने के बाद 17 मई की मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### स्वाभिमान मंच की सभा व शौर्य शोभायात्रा आज

**कांकेर।** राष्ट्रीय स्वाभीमान मंच द्वारा आपरेशन सिंदू की सफलता पर सैन्य बलों के उत्साहवर्धन, स्वागत, वंदन के लिए कल 24 मई को शाम 4 बजे नए बस स्टैंड के डोम में सभा व सिंदूर शौर्य शोभायात्रा का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन सभी समाज वर्ग को लेकर किया जा रहा, जिसके माध्यम से संदेश देने का प्रयास है। हमारे देश की सेना का अदम्य साहस शौर्य गाथा आमजन तक पहुंचे। हर घर से हर परिवार से इस आयोजन मे सहभागिता निभाए और हमारी देश कि सेना के प्रति आभार स्वागत करने इस कार्यक्रम अपनी उपस्थिति देकर अपना योगदान दे, इस उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच ने इस कार्यक्रम आयोजन किया है।

### बाइक की टक्कर से युवक हुआ घायल, चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम करप के पास सड़क दुर्घटना में कांकेर काम करने आ रहें युवक को गंभीर चाट आने से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि साहिल नेताम 22 मार्च को दोपहर करीबन साढ़े 3 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 8280 मे सवार होकर दंतेश्वरी पेट्रोल पंप कांकेर काम करने आ रहा था। शाम करीबन 4 बजे मेन रोड ग्राम करप के पास पहुंचा था कि पीछे कि ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमाक सीजी 28 आर 7181 का चालक अपने वाहन को तेज लापरवाही एवं उतावलेपन से चलाकर मृतक के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक को गंभीर चोट आई। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर लाया गया, जहां से डॉक्टर उसे मृत घोषित किया। आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 आर 7181 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर ठोकर मारकर से मृतक सिंगनपुर निवासी 20 वर्षीय साहिल नेताम पिता मंगल राम नेताम को आई गंभीर चोट के कारण मौत होने पर धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सेना के शौर्य व आपरेशन सिंदूर की सफलता

**कांकेर।** भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में 23 मई शुक्रवार को नगर नरहरपुर में भारतीय सेना के शौर्य व आपरेशन सिंदूर की सफलता पर नगर मे ऐतहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

दो वर्ष पूर्व जनपद पंचायत ने सीएमओ एवं तहसीलदार से पत्र व्यवहार किया था

# सद्भावना भवन के सामने अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड में जनपद पंचायत द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम को संपन्न कराने लोगों के सुविधा हेतु सर्व सुविधायुक्त सद्भावना भवन का निर्माण किया गया है। सद्भावना भवन जनपद पंचायत के अधीन है किन्तु नगर पंचायत बनने के बाद भूमि क्षेत्र नगर पंचायत की आती है। भवन का संचालन अभी भी जनपद पंचायत मगरलोड द्वारा किया जाता है। सद्भावना भवन के सामने मुख्य द्वार के दोनों ओर के पास अतिक्रमण कर पक्की दीवार बना दी गई है जिससे सद्भावना भवन के प्रवेश के मुख्य द्वार छोटा होकर संकरा हो गया है। जनपद पंचायत मंगललोड से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जून 2023 को मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जनपद पंचायत ने लिखित में पत्राचार कर सद्भावना भवन के सामने बनाई गई पक्की दीवार को हटाने नगर पंचायत सीएमओ एवं तहसीलदार मगरलोड से मांग की थी किंतु 2 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी लचर व्यवस्था के कारण सरकारी भवन के सामने से अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका है। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थल एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। नगर पंचायत बनने के बाद नगर क्षेत्र अंतर्गत शासकीय भूमि की खरीदी बिक्री भी जोरों पर लगातार हो रही है।

अतिक्रमण को रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन को दी गई है। अतिक्रमण को रोकने जनप्रतिनिधि असहाय नजर आते हैं। परिणाम स्वरूप अतिक्रमण कारियों का हौसला दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। समय रहते नगर क्षेत्र से अगर अतिक्रमण नहीं रोका गया तो भविष्य में नगर विकास कार्य के लिए भी कहीं जगह नहीं मिल पाएगी। दिव्या ठाकुर सीईओ जनपद पंचायत मगरलोड ने बताया कि सद्भावना भवन जनपद पंचायत का है। इनका संचालन जनपद द्वारा ही होता है। भवन के सामने के मुख्य भाग पर किए गए अतिक्रमण को हटाने 26 जून 2023 को पत्र व्यवहार किया गया था। सीएमओ नगर पंचायत एवं तहसीलदार मगरलोड को पुनः स्मरण पत्र भेजा जाएगा। अशोक चौहान सीएमओ नगर पालिका अधिकारी मगरलोड ने कहा कि सद्भावना भवन के सामने हुए हुए अतिक्रमण को हटाने के संबंध में लिखे पत्र की जानकारी मुझे नहीं है। इसे संज्ञान में लेकर अतिशीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

## शिविर में पानी, बिजली, सड़क की मांग



**धमतरी।** ग्राम रावां में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग, अमन राव अध्यक्ष भाजपा मंडल रांवा, जनपद सदस्य देहुति साहू, राजू चन्द्राकर पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, मानिक साहू पूर्व सदस्य जनपद पंचायत, ज्ञानिक राम साहू सरपंच रांवा, झमित सिन्हा सरपंच तरसींवा, चन्द्रेश चांद सरपंच मड़ाईभाठा थे। ग्रामीण खसरा, बंटाकन, पानी, बिजली, सड़क, सामुदायिक भवन जैसी समस्याओं को लेकर पहुंचे। इस अवसर पर नेहरू निषाद ने कहा कि जनता की भावनाओं के अनुरूप उनकी समस्याओं को समुचित निदान करने के लिए एक मंच की आवश्यकता होती है जिसके लिए सार्थक भूमिका प्रदेश के मुख्यमंत्री निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में गांव-गांव में चलाया जा रहा यह शिविर मील का पत्थर साबित हो रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि पारदर्शी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका जनता के प्रति जवाबदेही होती है जिसमें शत प्रतिशत खरा उतारते हुए प्रदेश की सरकार जनता के द्वार तक सीधे पहुंच रही है। देहुति साहू ने विष्णुदेव साय की सरकार को भरोसे की सरकार बताया।

## अहिल्याबाई ने भारत के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए

- लोकमाता की जयंती पर भाजपा ने शहर के मंदिरों व इतवारी बाजार परिसर की सफाई की



**धमतरी।** पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्मजयंती को भाजपा स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इसी तारतम्य में भाजपा शहर मंडल द्वारा बुढ़ेश्वर महादेव, तुलजा भवानी मंदिर, किले का राम मंदिर, शीतला मंदिर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक समेत इतवारी बाजार परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, महामंत्री गौरव मगर एवं राजीव चंद्रकार ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। घाट बंधवाएं, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया। मार्ग बनवाए। काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया। भूखों के लिए अन्न की व्यवस्था की।

कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा, कविंद्र जैन, विनोद रणसिंह, विजय साहू, बीथिका विश्वास, नम्रता पवार, चंद्रभागा साहू, अज्जु देशलहरे, अखिलेश सोनकर, तल्लीन गोस्वामी, मेघराज ठाकुर, निलेश लुनिया, विभा चंद्राकर, ईश्वर सोनकर, संजय देवांगन, आशा लोधी, नीतू त्रिवेदी, पिंटू ध्रुवंशी, धनेश्वर नवरंग, खिलेश कुंभकार, विजय ठाकुर, मुकेश शर्मा, सीमा चौबे, डाली सोनी, दीपक लोंधे समेत निगम के सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिहावा के सुशासन समाधान शिविर से अधिकारी नदारद

- जिला पंचायत अध्यक्ष और विधायक ने जताई नाराजगी
- विधायक अंबिका ने प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से शिकायत करने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहावा में 13 ग्राम पंचायत बांसपानी, भड़सिवना, भीतररास, बिरगुड़ी, छिपलीपारा, देवपुर, हरदीभाटा, मुकुंदपुर, सेमरा, सिहावा, छिपलीपारा, हिरीडीह के बीच समाधान शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय के निर्देश पर इन दिनों पूरे छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार-2025 की गूंज है। अभियान का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए शासन-प्रशासन को जन-जन तक पहुंचाना है। शुक्रवार को ग्राम सिहावा में आयोजित शिविर में 405 आवेदन आए और 352 मौके पर तत्काल निराकरण किया गया वहीं 58 आवेदनों को समय सीमा पर लंबित बताया गया जिसमें 5 मांग शिकायत पर आए हैं। वहीं अधिकारियों द्वारा शासन के निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। समाधान शिविर में अधिकारियों की कम अनुपस्थिति से जनमानस के साथ ही जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी देखी गई। समाधान शिविर में एसडीएम और तहसीलदार अनुपस्थित रहे। लोगों का कहना है कि इस शिविर में जिला कलेक्टर आए थे। एक घंटे के बाद कलेक्टर के साथ स्थानीय ज़िम्मेदार आधिकारी भी चले गए। निचले स्तर के अधिकारी कर्मचारी के भरोसे छोड़कर चले जाने से लोगों में काफी नाराजगी देखी गई।

जिपं अध्यक्ष अरुण आर्वा ने कहा कि सबसे अधिक मामले राजस्व से थे और जिस प्रकार तहसीलदार लापरवाही बरत रहे हैं उसे संज्ञान में लिया जाएगा।आगे कहा कि मुख्यमंत्री की सोच अच्छी है। प्रत्येक व्यक्ति को अच्छा शासन मिले। हर व्यक्ति को सही न्याय मिले इसलिए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं का निराकरण करने के लिए लेकिन हम सब एकत्रित हुए हैं। आम जनता छोटी-छोटी मोटी समस्या लेकर आते हैं। इस शिविर में एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं है।

जो चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री की सोच अच्छी है लेकिन उनके कार्य पर खरा नहीं उतर रहे हैं। उन्होंने इस समाधान शिविर में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए विधानसभा में मुख्यमंत्री के समक्ष रखने की बात कही। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, सिहावा विधायक अंबिका, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह, जिपं सदस्य अजय ध्रुव, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य राजू गोसाई, प्रेमलता नागवंशी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विकल गुप्ता समेत आसपास के गांवों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। समाधान शिविर स्थल पर विभागीय स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम का संचालन आनंद साहू ने किया।

# समाधान शिविर : भेण्ड्री कलस्टर में 8235 आवेदन प्राप्त हुए

- समाधान शिविर में ग्रामीणों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत भेण्ड्री में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ। उपरोक्त कलस्टर में ग्राम पंचायत भेण्ड्री, चन्द्रसुर, बुड़ेनी, नवागांव (बु.), चन्दना, परसट्ठी, परेवाडीह, मोहरेंगा, करेलीबड़ी, धौराभाठा कु. एवं कुण्डेल को शामिल किया गया। भेण्ड्री कलस्टर में कुल 8235 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मांग के 8098 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 137 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

समाधान शिविर में अपर कलेक्टर राम कुमार कृपाल, जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार साहू, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड, जनपद पंचायत मगरलोड के पूर्व अध्यक्ष श्याम साहू, जनपद पंचायत मगरलोड के पूर्व सभापति नीलकंठ सिन्हा, सोसाइटी अध्यक्ष हेमन्त साहू, जनपद पंचायत मगरलोड सदस्य मूलचंद साहू, देवेन्द्र पाल, विनीता साहू, अनीता देशमुख, शाला प्रबंधन समिति भेण्ड्री के अध्यक्ष प्रहलाद ध्रुव, साहू समाज अध्यक्ष चन्द्रहास साहू, भेण्ड्री सरपंच राजेश्वरी पटेल, पूर्व सरपंच प्रीत देवांगन उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया एवं सभी विभागीय अधिकारियों से प्राप्त मांग एवं शिकायतों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली।

जपं मगरलोड के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा शाखा) द्वारा 5 हितग्राहियों को जॉब कार्ड का वितरण किया गया। जपं मगरलोड द्वारा 5 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड दिया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन स्वीकृति आदेश 38 हितग्राहियों एवं 1 हितग्राही को ट्राईसिकल तथा 2 छात्रों को छात्रवृत्ति आदेश दिया गया। श्रम विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को श्रम कार्ड वितरण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 62 हितग्राहियों को लर्निंग लायसेंस प्रदान किया गया।

राजस्व विभाग द्वारा 17 हितग्राहियों को बी-1 एवं 3 कृषक को ऋण पुस्तिका, 6 हितग्राही को आय जाति निवास एवं 7 हितग्राही को स्वामित्व योजना अधिकार पत्र का वितरण किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 68 लोगों का सिकलसेल, बीपी, शुगर, सर्दी बुखार एवं कमजोरी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 7 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड का वितरण किया गया है। पशुधन विकास विभाग द्वारा 4 हितग्राही को कुक्कुट पालन के लिए राशि 101160 रूपये का चेक दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 लाभार्थी को गोदभराई किट का वितरण किया गया। 5 लाभार्थी का अन्न प्राशन कराया गया। 8 लाभार्थी को कुपोषण किट तथा 11 किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता एवं पोषण किट का वितरण किया गया।



## योगा ओलंपियाड में बच्चों ने किया योग का प्रदर्शन



- जिलास्तरीय योग ओलम्पियाड का आयोजन दर्रा स्कूल में हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा में जिला स्तरीय योगा ओलम्पियाड का आयोजन किया गया जिसमें मगरलोड व कुरूद विकासखण्ड के योग प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने योग का प्रदर्शन किया। खड़े होकर किये जाने वाले आसन, बैठकर किये जाने वाले आसन, पीठ के बल किये जाने वाले आसन तथा पेट के बल किये जाने वाले आसन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार किया। इसमें 10 से 14 वर्ष बालक-बालिका एवं 14 से 17 वर्ष बालक-बालिका कुल 15 योग प्रतिभागियों का चयन किया गया। वे संभाग स्तरीय योग ओलम्पियाड में शामिल होने 26 मई को रायपुर जाएंगे। कार्यक्रम में संयोजक नीलकमल साहू प्राचार्य शाउमावि दर्रा, निर्णायक राजकुमार साहू व्यायाम शिक्षक दर्रा, गितेश साहू व्यायाम शिक्षक बड़ी करेली, सत्यवान निषाद, धनश्याम ध्रुव शाउमावि थुहा, नूतन साहू शाउमावि सिर्री थे।

मौके पर सुरेन्द्र कुमार साहू, दीनबन्धु चन्द्राकर, सुनील कुमार साहू, पुष्पेन्द्र साहू, परमत कुमार नाग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्यायाम शिक्षक राजकुमार साहू ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से ही मन और तन स्वस्थ रहते हैं। प्रतिदिन हमें समय निकालकर योग करना चाहिए तभी हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं।

## शिविर में ग्रामीणों ने की संकुल समन्वयक को हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

22 मई को आयोजित सुशासन तिहार के जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों, मांगों का निपटारा किया गया साथ ही कई शिकायत पत्र भी प्राप्त हुए। शिविर में जीजामगांव के ग्रामीणों, पालकों ने संकुल समन्वयक के अन्यत्र स्थानांतरण की मांग की है।

कलेक्टर को प्रेषित शिकायत पत्र में सभी शालाओं के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्षों सहित जनप्रतिनिधियों ने उनके स्थानांतरण की मांग की है। संकुल समन्वयक पर छात्र-छात्राओं से दुर्व्यवहार का आरोप है। इससे पहले भी संकुल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर से शिकायत की थी। जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उक्त प्रकरण पर जांच के नाम पर सभी शिक्षकों से बयान तो दर्ज किया जा चुका है परंतु जांच प्रतिवेदन अभी भी ठंडे बस्ते में है। जनप्रतिनिधियों एवं अध्यक्षों व पालकों ने उक्त प्रकरण पर शिक्षकों से उनका पक्ष जाना तो दिए गए साक्ष्यों व पूर्व में सुने छात्रों व ग्रामीणों की शिकायत को एक होना पाया। एक शिक्षक के तौर पर उनकी कार्यशैली, आचरण व व्यवहार को अशोभनीय पाया गया। जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों सहित ग्रामीणों ने उनके स्थानांतरण की मांग की है।

**न्यायालय-तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र. क्रमांक 202504130100030/अ-21 (1) वर्ष 2024-25

ग्राम बगदेही प.ह.नं. 21 तहसील भखारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम बगदेही को सूचित किया जाता है कि आवेदक चमन सिंग पिता ननकूसिंग जाति गोड़ निवासी बगदेही पटवारी हल्का नं. 21 तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम बगदेही स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 414, 441, 506, 618, 622, 726, 744, 1056 रकबा क्रमशः 0.15, 0.34, 0.17, 0.03, 0.12, 1.06, 0.15, 0.04 हे. कुल खसरा नं. 08 कुल रकबा 2.06 हे. राजस्व अभिलेख में चमनसिंग पिता ननकूसिंग जाति गोड़ के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि पर से खसरा नं. 414 रकबा 0.15 हे. भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति योगेन्द्र कुमार पिता कन्हैयालाल साहू निवासी रामसागरपारा धमतरी के पास विक्रय करने इकरारनामा निष्पादित किया गया है। क्रेता द्वारा विक्रेता से 402500.00 रूपये बयाना के बतौर प्राप्त करना बताया है शेष राशि भूमि बिक्री अनुमति मिलने पर रजिस्ट्री बैनामा के समय दिये जाने की बात हुई है। आवेदक उक्त भूमि का अनुमति हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत कलेक्टर महोदय धमतरी को प्रेषित आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी रा. कुरूद के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव आवेदक के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना लिखित आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 30/05/2025 तक न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
भखारा

आवश्यकता है
वेटर – 2
किचन हेल्पर – 1
रोटी बनाने वाले – 1
वेतन योग्यता अनुसार
1. लड़का/लड़की कोई भी आवेदन कर सकता है।
2. अनुभवी को प्राथमिकता।
3. रहने की व्यवस्था दी जावेगी।
लक्की भोजनालय
नया बस स्टैण्ड धमतरी, मो.नं.-70002-72137

**खबर संक्षेप**



## विंध्यवासिनी मंदिर के आसपास की सफाई

**धमतरी।** अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में लायंस क्लब, रोटरी क्लब, नगर निगम एवं जनभागीदारी के माध्यम से विंध्यवासिनी मंदिर एवं आसपास की सफाई की गई। इस अवसर पर आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग सभापति विभा चंद्राकर, पार्षद गजेंद्र कंवर, संतोष सोनकर समेत भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।

## धमतरी से ईंट बनाने आई महिला के साथ हुई मारपीट

**कांकेर।** उरैया में ईट बनाने के लिए धमतरी जिला से आई महिला के ऊपर कुत्ते के ऊपर पसिया फेंकने का आरोप लगाते हुए गांव के व्यक्ति के द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। पीड़ित महिला ने आरोपी के व्यवहार से परेशान होकर आरोपी के खिलाफ शिकायत किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया। नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंची धमतरी जिला के दुगली थानांतर्गत पालवाड़ी निवासी 30 वर्षीय ने पुलिस को बताया कि ग्राम उरैला में जितेंद्र निषाद के घर जनवरी माह में ईंटा बनाने के लिए आए थे और उनके घर रहते थे। जितेंद्र निषाद के ईंटा बनाने के बाद जगमोहन शोरी के घर ईंटा बनाने के लिए गए थे और उनके घर में रहकर ईंटा बना रहे थे। मैं 21 मई की रात 9 बजें आंगन में खाना बना रही थी, उसी समय जितेंद्र निषाद आया और कहने लगा कि मेरे कुत्ते के ऊपर पसिया को क्यों फेंके हो, मेरी बात सुने मुझे गाली देने लगा। मैने गाली देने मना किया, उसके बाद गुस्से में आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर दिया। हमारे साथ के लोगों ने जैसे तैसे बीच बचाव किया। आरोपी के मारपीट करने से मेरे दोनों गाल एवं गला में दर्द हो रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र निषाद के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के संवैधानिक आरक्षण को लागू करने की मांग

**कांकेर ।** केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को संविधान में संशोधन कर 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जो सम्पूर्ण भारत में सभी राज्यों द्वारा लागू कर दिया गया है। केवल छत्तीसगढ़ राज्य में यह 2019 से अब तक लागू नहीं किया गया है। इसे लागू करवाने को लेकर सर्व समाज ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव को भानुप्रतापपुर प्रवास पर ज्ञापन सौंपा। सर्व समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर यानी ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों एवं अभ्यर्थियों को इसका लाभ शिक्षण संस्थानों एवं नौकरियों में नहीं मिल पा रहा है।

### पात्र हितग्राहियों को मिलेगा 2.50 लाख का अनुदान

# नगर निगम क्षेत्र में 200 आवास की स्वीकृति, 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहरी क्षेत्र में पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी शुरू की है। सरकार ने श्रेणीवार लाभार्थी को मंजूरी दी है। स्वयं की भूमि रहने पर केन्द्र और राज्य सरकार से अनुदान मिलेगा। सर्वे के बाद हितग्राहियों की पहचान के लिए रैपिड असेसमेट सर्वे कराया गया। उसका डीपीआर तैयार कर मंजूरी दी गई। लाभार्थी योजना के तहत आवास दो कमरों का बनेगा। 35 बाई 45 वर्गमीटर कारपेट क्षेत्र में दो कमरे, रसोई, बाथरूम बनेगा। प्रदेश सरकार ने घोषणा की है कि आवास निर्माण के बाद गृह प्रवेश सम्मान योजना शुरू करेगी। आवास पूर्ण होने पर गृह प्रवेश के समय 32850 रूपए प्रोत्साहन राशि हितग्राहियों को दी जाएगी। इस योजना में 1.50 लाख केन्द्र से तथा राज्य सरकार से 1 लाख अनुदान मिलेगा। 2.0 फेज में इस बार महिलाएं, बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को प्राथमिकता दी जा रही है।

जिला प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन लक्ष्य 5209 आवास निर्माण की तैयारी में है जिसमें नगर निगम क्षेत्र भी शामिल है। प्रारंभिक योजना के निगम क्षेत्र को 200 आवास पूर्ण करने की मंजूरी मिली है। यह स्वीकृति योजना के डीएलसी घटक के तहत मिली है। लाभार्थी द्वारा 18 माह के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करने का टारगेट दिया गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान निधि का लाभ मिलेगा। शहरी क्षेत्र में मकान निर्माण के लिए हितग्राहियों को चार किस्त में राशि दी जाएगी। टोटल 2.50 लाख मिलेंगे। यह आदेश राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा जारी है। फाउंडेशन के समय 63 हजार, लेंटर पर 85 हजार, रूफ स्तर पर 35 हजार तथा मकान बन जाने पर आखिरी किस्त फिनिशिंग के लिए 35 हजार की राशि सीधे बैंक एकाउंट से दी जाएगी। मकान बनाने के लिए भवन अनुज्ञा नगर निगम देगी। मकानों को शर्त के मुताबिक 18 माह में ही कम्पलीट करना है। इसके बाद प्रोत्साहन के रूप में मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान राशि 32850 रूपए हितग्राहियों को तत्काल दी जाएगी, जो खाते में ही आएगी।

200 मकान कम्पलीट होने के बाद प्रदेश सरकार शेष बचे हुए पात्र हितग्राहियों की सूची फिर से जारी करेगी। सर्वे में पात्र सभी हितग्राही को योजना का पूरा लाभ मिलेगा।

# 28 मई को मंत्रालय घेरेंगे 23 संघ के शिक्षक

- विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण का किया विरोध, 2008 के सेटअप को लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षकों का आक्रोश अब आंदोलन की राह पर है। मंत्रालय एवं संचनालय में प्रदेश के 23 शैक्षिक संगठनों के प्रांताध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो 28 मई को मंत्रालय का घेराव और धरना होगा। शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने इस दौरान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को रद्द नहीं किया और शिक्षक संगठनों से बैठक कर समाधान नहीं निकाला, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन की शुरुआत होगी। इस दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

उनकी प्रमुख मांगों में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए, सोना साहू प्रकरण की तर्ज पर सभी शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान मिले, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली हो, प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमोशन में बीएड की अनिवार्यता से छूट दी जाए, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए न कि सेटअप में कटौती है। शिक्षक नेताओं ने बताया कि 2008 में जो सेटअप बना था, वह व्यावहारिक और व्यावसायिक दृष्टि से उपयुक्त है। उसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में कम से कम तीन शिक्षक (60 बच्चों पर) तथा मिडिल स्कूलों में न्यूनतम पांच शिक्षक आवश्यक है। हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी विषयानुसार पद स्वीकृत किए जाने चाहिए, कामर्स हेतु 2 शिक्षक अनिवार्य है, वर्तमान युक्तियुक्तकरण में इन मानकों की अनदेखी की जा रही है। सभी 23 संगठनों के प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, विरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, केदार जैन, विकास राजपूत, कृष्णकुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलून भरद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरें, राजकिशोर तिवारी, कमलदास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, अनिल टोप्पो व धरमदास बंजारे ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि बिना किसी सहमति के शिक्षक संगठनों को विश्वास में लिए बगैर सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लागू करना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सुधीर प्रधान, शैलेन्द्र पारिक, नारायण चौधरी, ओमप्रकाश सोनकला, जितेंद्र मिश्रा, पूरण साहू, नंद कुमार साहू, विनोद यादव, विद्या प्रसाद चंद्राकर, धर्मेश शर्मा, कृष्णराज पांडे, जितेंद्र शर्मा, सुधीर सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार समेत अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षक संवर्ग से 28 मई को मंत्रालय घेराव कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# सरकार आपके व्दार आकर समस्याओं का निराकरण कर रही : रामू

- आमदी नगर पंचायत में आयोजित समाधन शिविर में शामिल हुए महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




समाधान शिविर का आयोजन आमदी नगर पंचायत में हुआ। शिविर में महापौर रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरु निषाद, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि साय सरकार व्दारा सुशासन तिहार के मद्देनजर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

धमतरी जिले में अब तक प्राप्त आवेदनों में से 96 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। श्री रोहरा ने आगे कहा कि प्रदेश में साय सरकार बनने के बाद प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूर्ण किया जा रहा है। पिछले पांच साल से रूके हुए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से 11 लाख आवासों को स्वीकृति मिली है। साय सरकार आपके व्दार आकर समस्याओं का निराकरण कर रही है। यही सुशासन का निशानी है।

श्री रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य है जहां रजिस्ट्री के पश्चात नामांतरण तत्काल होगा। पहले रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए चक्कर काटना पड़ता था। मुख्यमंत्री साय व्दारा प्रदेश की जनता को सुविधाएं देने का प्रयास किया ज रहा है। प्रधानमंत्री आवास का सबसे ज्यादा फायदा आमदी नगर पंचायत को मिला है क्योंकि सबसे ज्यादा स्वीकृति इसी नगर पंचायत को मिली है। इस दौरान उन्होंने तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत कराने की बात कही। आगे कहा कि धमतरी के विकास में कोई कमी नहीं होगी।

# समर कैंप के समापन पर पहुंचे महापौर

**धमतरी।** परिक्षेत्र साहू संघ जालमपुर द्वारा सर्व समाज के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर थे। अध्यक्षता अवनेंद्र साहू जिलाध्यक्ष साहू संघ ने की। विशिष्ट अतिथि यशवंत साहू जिला महासचिव, लीलाराम साहू जिला सचिव, चंद्रभागा साहू तहसील उपाध्यक्ष एवं पोस्ट ऑफिस वार्ड पार्षद, रामकुमार साहू तहसील सचिव, संजय देवांगन पार्षद, संतोष सोनकर पार्षद, ललित चौधरी खरतुली परिक्षेत्र अध्यक्ष थे। अतिथियों ने बच्चों को समर कैंप में सीखे प्रार्थना, संस्कार, परिचय, इंग्लिश एक्टिविटी, कागज का उड़ता चिड़िया निर्माण, योग शिक्षा, पेपर क्राफ्ट, ड्राइंग-पेंटिंग, मिट्टी की कलाकृति, अखबारी टोपी, डांस, नैतिक शिक्षा, मनोरंजक गतिविधियों को अपने घर परिवार और पड़ोसियों को भी सिखाने में उपयोग करने प्रेरित किया।



मौके पर परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, मीना साहू, मीडिया प्रभारी अमृत साहू, जिला संगठन सचिव पुष्पेंद्र साहू, वार्ड अध्यक्ष हेमंत साहू, शशि साहू, सोमेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में प्रतिभागी बच्चे व उनके पालक उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने महाकालेश्वर मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

- महिला सशक्तिकरण की मिसाल थीं अहिल्याबाई : मोनिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी गंगरेल मंडल द्वारा ग्राम कोलियारी के महानदी के तट पर स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि भाजपा द्वारा उनकी जयंती पर सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन जिला मंडल एवं जनपद स्तर पर किया जा रहा है।

इस अवसर पर गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन मार्मिक एवं प्रेरणादायी है। वह न्याय प्रियता, सामाजिक सुधारिका, धर्म परायण, एक कुशल शासिका थीं। उन्होंने काशी, विश्वनाथ, केदारनाथ ,सोमनाथ, रामेश्वरम मंदिर एवं तीर्थ स्थलों में सनातन एवं सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। अनेकों मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार का काम किया। सड़कों एवं पुलों का निर्माण कराया। व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ावा दिया। उनका जीवनवृतांत इतिहास के पन्नों पर दर्ज तो है पर हम सब अनभिज्ञ हैं। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। गांव के विकास से लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास की उनकी सोच को लेकर आज सरकारें काम कर रही हैं। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्यामा नरेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश गोलछा, ऋषभ देवांगन, उमेश साहू, जनपद सदस्य जयंती ध्रुव, स्वच्छता अभियान प्रभारी सुशांत राव कानपिल्लेवार, सह प्रभारी श्यामू सोनकर, मंडल महामंत्री हेमंत साहू, कोलियारी सरपंच ज्योति सोनकर, हेमराम ध्रुव, नरेश साहू, पंचराम साहू, सुंदरी बाई, उत्तरा साहू, दुर्गा निषाद, पुलस्त साहू, नंदकुमार सोनकर, अनिल साहू, कृष्णा सोनकर, रवि निषाद, अनिल साहू उपस्थित थे।

# आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाने में धमतरी जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर

- अब तक साढ़े 68 प्रतिशत से अधिक बुजुर्गों के बने कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल और लगातार समीक्षा के परिणामस्वरूप आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाने में धमतरी जिला 68.6 प्रतिशत के साथ पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यूएल कौशिक ने बताया कि जिले में 30 हजार 787 लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 21 हजार 119 कार्ड बना लिए गए हैं। 70 और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाने के लिए जिले में मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों सहित मितानिनों की भी ड्यूटी लगाई गई। योजना के तहत 70 एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रूपये तक मुफ्त उपचार का लाभ दिया जाता है। कलेक्टर ने जिले के शेष वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी चॉईस सेंटर अथवा आधार सेवा केन्द्र में जाकर आयुष्मान वय वंदन कार्ड पंजीयन करा लें। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड अपडेट नहीं होने की स्थिति में आधार सेवा केन्द्र में जाकर आधार कार्ड में स्वयं अथवा घर के किसी सदस्य का एक्टिव मोबाइल नंबर लिंक करा लें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

### प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत 7 सड़कें बनकर तैयार, 29 और बनेंगी

# पक्की सड़कों ने खोले कमार बसाहटों में विकास के दरवाजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिले के वनांचल में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बस्तियों तक अब फर्राटे से गाड़ियां दौड़ने लगीं। मोटर साइकिल हो या एम्बुलेंस, विकास कार्यों के लिए सामान में लगी गाड़ियां, बाजार गाड़ी हो या बिजली विभाग की गाड़ी अब सभी का कमार बस्तियों तक सीधे पहुंचना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमारों की बस्तियों तक पक्की सड़कें बन गईं हैं।

इस योजना के तहत दो चरणों में कुल 36 पक्की सड़कों को बनाने के लिए 43 करोड़ 31 लाख रूपये की मंजूरी मिली है। इसमें से 7 सड़कें बनकर तैयार हो गई हैं और बाकी मंजूर सड़कों के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। किसी भी स्थान के विकास में सड़कों की अहम भूमिका वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच धमतरी के कमार बाहुल्य वनांचलों में साकार हो रही है। कमार बसाहटों में रहने वाले लोगों को अब बारिश के दिनों में कीचड़ से सनी कच्ची सड़कों पर नहीं चलना पड़ेगा।

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पहले चरण में 29 किमी से अधिक लम्बाई की 10 सड़कों के लिए 15 करोड़ 84 लाख और दूसरे चरण में लगभग 56 किमी लम्बाई की 26 सड़कों के लिए 27 करोड़ 47 लाख रूपये की मंजूरी दी है। इनमें से उमरगांव से पठार तक 1.80 किमी, कोरेमुड़ा से कमारपारा तक लगभग एक किमी मुख्य सड़क से बरकोन्हा-बगरूमनाला होकर आमापारा तक 4.63 किमी, छिंदभर्री-बीजापुर मुख्य सड़क से फुड़हरधाप-हितली तक 4.63 किमी, माकरदोना से कमारपारा राजीवनगर तक 1.10 किमी तक, कुकरेल-कांटाकुर्रीडीह मुख्य सड़क से बहनापथरा तक डेढ़ किमी, बेलोरा से कमारपारा तक 2.80 किमी पक्की सड़कें बन गईं हैं।

कमार समाज प्रमुख बुधलाल कमार ने बताया कि इन सड़कों के बन जाने से कमारों को आने-जाने में अच्छी सुविधा मिल गई है। वनांचल क्षेत्र में पहले कच्ची सड़कों के कारण गांववालों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में किसी के बीमार हो जाने पर गांव तक एम्बुलेंस नहीं आ पाती थी, जिससे मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाने में देरी हो जाती थी। बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई होती थी। अब सड़क बन जाने से कमार बसाहटों तक पहुंच आसान हो गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA: Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411